सहायक नगर आयुक्त ने करवाया सेनेटाइजेशन का कार्य



अफवान खाँ (ऑडिशन टाइम्स)

शाहजहाँपुर। कोविड-19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त के निर्देश के कम में नगरीय क्षेत्र,सीमान्तर्गत कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान

संचालित गया है। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा मो. सदर बाजार, रामनगर कालोनी, गदियाना, एमनजई जलालनगर,अशोक विहार कालोनी, सुभाषनगर, लाला तेली बजरिया, लोधीपुर, मुल्लाखेल, गौहरपुरा,बक्सरियाँ, चौक में व्यापक स्तर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य को अपनी देख-रेख में कराया गया। इसी कम में नगर आयुक्त के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र में सराय काईयां,अहमदपुर रेती गढ़ी गाडीपुरा, ख्वाजा फिरोज,रोजा आदश नगर कालोनी, रोशनगंज., अजीजगंज, गरा फाटक, अब्दुल्लागंज, रंगमहला में अपनी उपस्थिति में सेनेटाइजेशन के कार्य को वृहद स्तर पर कराया। इस अभियान में 60 वार्डो के 32 से अधिक मोहल्लों में 9565 से अधिक घरों व मार्गो को 02 बड़े स्प्रे वाहनों, 21 हैण्ड होल्ड स्प्रेयर सेनेटाईज किया गया। सेनेटाईजेशन के कार्य में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार,हरिवंश दीक्षित,राजमंगल सिंह, सी वी सागर एवं सुनील कुमार शाक्य उपस्थित रहे।